लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5581

26 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

बुनकर सेवा केन्द्र

5581. श्री विजय कुमार:
डॉ० वीरेन्द्र कुमार:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में बुनकर सेवा केन्द्रों की स्थापना कर रही है;

(ख) क्या उक्त योजना के अन्तर्गत अन्य राज्यों के साथ मध्य प्रदेश को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार द्वारा बुनकर सेवा केन्द्रों को ई-वाणिज्य से जोड़ने के लिए कोई पहल की जा रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (ग): मध्य प्रदेश में इंदौर में एक बुनकर सेवा केंद्र सहित पूरे देश में 28 बुनकर सेवा केंद्र कार्य कर रहे हैं। हथकरघा उत्पादों के ई-विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नीतिगत रूपरेखा तैयार की गई थी जिसके तहत अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाला कोई इच्छुक ई-कॉमर्स प्लेटफार्म हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन ई-विपणन में भागीदारी कर सकता है। ई-कॉमर्स कंपनियां ई-विपणन की पूर्ण संभाव्यता के उपयोग के लिए बनुकर सेवा केंद्रों के माध्यम से हथकरघा क्लस्टर/पॉकेट के साथ जुड़ सकती हैं। हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन हेतु हथकरघा बनुकरों/निर्माताओं को प्रोत्साहित/शिक्षित करने के लिए कार्यशालाएं/सेमिनार आयोजित किए जाते हैं।

*****